सम्मान्नीय महोदय/महोदया, जनवरी, फरवरी, मार्च.2014

सादर जय जिनेन्द्र !

आपके परिवार की कुशलता की कामना हेतु भगवान चंद्रप्रभु से प्रार्थना करते हुये विगत तीन माह की प्रगति हम इस पत्र के माध्यम से आपको बता रहे हैं।

**शिविर** – दिनांक 01.01.2014 को सकल दिगम्बर जैन समाज परसोन के सौजन्य से परसोन ग्राम में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 50 मरीज लाभान्वित हुये।

दिनांक 12.01.2014 मंगलधाम खुरई में श्री ऋषभ स्वास्थ्य केन्द्र खुरई के सौजन्य से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 300 से अधिक रोगी लाभान्वित हुये।

दिनांक 04.02.2014 को शासकीय विद्यालय ईशुरवारा में 50 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ।

दिनांक 23.02.2014 ज्ञानकुंज भवन जरूआखेडा में सकल दिगम्बर जैन समाज जरूआखेडा के सौजन्य से आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 155 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ।

**रक्तदान शिविर** – मंगलधाम शिविर अंतर्गत रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया जिसमें 20 व्यक्तियों ने अपना रक्तदान किया। इसी श्रृंखला में देवरी में दिनांक 15.01.2014 को 24 व्यक्तियों ने अपना रक्तदान किया।

**चलित चिकित्सा इकाई** – इस सेवा अंतर्गत दिनांक 06.02.2014 कनेरादेव, रजौआ, बदोना, 08.02.2014 को बम्होरी खुर्द, बदौआ, पाटन दिनांक 10.02.2014 को जरूआखेडा, खुरई दिनांक 19.02.2014 को राजा बिलहरा दिनांक 21.02.2014 को रहसमेला गढाकोटा, रहली एवं 08.03.2014 को अंकुर कालोनी मकरोनिया (गजरथ महोत्सव) में 517 से भी अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ एवं निःशुल्क दवाईयाँ भी वितरित की गयी।

**विद्यालयीन स्वास्थ्य परीक्षण** – दिनांक 18.01.2014 को Delhi Public School Sagar में लगभग 150 विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया। इसी श्रृंखला में दिनांक 24.01.2014 को हा.से. स्कूल बरारू में 250 विद्यार्थियों का एवं अमरीन हायर सेकेण्डरी स्कूल सागर में 131 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ।

**उपरोक्त शिविरों** में डॉ. ऋषभ जैन, डॉ. संतोष राय, डॉ. नितिन जैन, डॉ. रजनीश मिश्रा, डॉ. शालिनी जैन डॉ. अखिलेश जैन, डॉ. विकास तिवारी, डॉ. मंदार जैन, डॉ. बी.पी. त्रिवेदी, डॉ. सोनिका जैन, डॉ. संगीता फुसकेले, डॉ. शिल्पी जैन, डॉ. नीलम गौड, सहा. प्रशासक श्री हर्ष श्रीवास्तव सहित टेक्नीशियन एवं पैरामेडीकल स्टाफ ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

**KIMS हैदराबाद शिविर** – दिनांक 22 एवं 23 मार्च 2014 को भाग्योदय तीर्थ चिकित्सालय में KIMS (कृष्णा इंस्टीट्यूटी आफ मेडीकल साइंसेस) हैदराबाद के विशेषज्ञ डॉ. भास्कर राव (ह्रदयरोग सर्जन), डॉ. पी.ए. जीवानी (ह्रदयरोग विशेषज्ञ), डॉ.टी.लक्ष्मीकांत (लीवर, पेट, स्थूलता सर्जरी विशेषज्ञ), डॉ. व्ही.एस. रेड्डी (डायलेसिस, किडनी सर्जरी विशेषज्ञ), डॉ. श्रीनिवास काशा (हड्डी, जोड़ सर्जरी विशेषज्ञ), डॉ.पियूष जैन (कैंसर रोग विशेषज्ञ) एवं डॉ. श्रीनिवास प्रभु (लीवर प्रत्यारोपण विशेषज्ञ), ने दो दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में अपनी सेवायें प्रदान कीं। इस शिविर में 400 से भी अधिक व्यक्ति लाभान्वित हुये।

मुख्य अतिथि के रूप में पधारे शिशुरोग विशेषज्ञ एवं संस्था के पूर्व ट्रस्टी डॉ. विजय मुणोत तथा हैदराबाद के विशेषज्ञों ने प.पू. आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर शिविर का शुभारंभ किया।

शिविर के दौरान द्वितीय दिवस भाग्योदय परिसर में नवनिर्मित मेडीकल स्टोर का लोकार्पण पूजा–अर्चना के साथ डॉ. बी. भास्कर राव ने अपनी KIMS हैदराबाद की टीम के साथ किया। इसी द्वितीय दिवस होटल मैजिस्टिक प्लाजा में सागर शहर के चिकित्सा विशेषज्ञों को डॉ.राव ने संबोधित करते हुए KIMS हैदराबाद की चिकित्सा सुविधाओं के बारे में अवगत कराया।

उपरोक्त शिविर के अभूतपूर्व सफल संचालन के लिए हैदराबाद से पधारे सभी डॉक्टर्स ने भाग्योदय प्रबंधन तथा पैरामेडीकल स्टाफ सहित सभी का हार्दिक अभिवादन किया।

**प.पूआचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज** बुंदेलखण्ड के बृहद समाज में व्याप्त ह्रदय रोग की बहुलता से काफी चिंतित है। भाग्योदय संस्था के माध्यम से पूज्य गुरूवर चाहते हैं कि उक्त समाज को ह्रदय संबंधित सभी जटिल समस्याओं के निराकरण हेतु विशेषज्ञों की सेवा उपलब्ध हो। भाग्योदय प्रबंधन ने KIMS हैदराबाद के MD डॉ. बी. भास्कर राव से पूज्य गुरूवर जी की उक्त भावना साझा की। डॉ. राव से सकारात्मक सहयोग देने का आश्वासन प्राप्त हुआ। इस विराट परियोजना का कार्य शीघ्र ही प्रारंभ होने जा रहा है एवं इसे साकार करने में आप सभी का सहयोग अपेक्षित रहेगा।

**रक्त समूह परीक्षण** – वर्ष 2014 के इन तीन महीनों में शा.उ.मा.वि.– जरूआखेडा, नरयावली, ललिताशास्त्री खुरई, एस.पी. जैन गुरूकुल खुरई, बरारू, पुरानी सदर, सरस्वती शिशु मंदिर पगारा, मोतीनगर, एम.एल.बी. क्र 1, 2, पं.रविशंकर स्कूल सागर, मोराजी, पं.के.सी.शर्मा हा.से.स्कूल खुरई, खिमलासा के विद्यालयों में कक्षा बारहवीं के विज्ञान समूह के विद्यार्थियों का निःशुल्क रक्त समूह परीक्षण किया गया। भाग्योदय तीर्थ की इस योजना अंतर्गत 543 विद्यार्थियों ने अपना रक्त समूह ज्ञात किया।

**कॅरिअर काउंसेलिंग** – उपरोक्त दर्शाये विद्यालयों में एवं प्रतिभास्थली विद्यापीठ तिलवारा घाट तथा गुरूकुल जबलपुर में डॉ. सौम अक्षय जैन, श्री राकेश जैन, एवं श्री एल्विन ने भाग्योदय तीर्थ में संचालित फार्मेसी, नर्सिंग एवं पैरामेडीकल पाठ्यक्रमों की जानकारी देते हुये कॅरिअर संभावनाओं को प्रकाशित किया।

**फॉर्मेसी कॉलेज** – जनवरी 2014 में अन्तर्राष्ट्रीय पत्रिका ELSEVIR प्रकाशन में भाग्योदय तीर्थ फार्मेसी कॉलेज फैकल्टी डॉ. अंकुर वैद्य, श्री सौरभ जैन, श्री आशुतोषपाल जैन एवं श्री ओमनारायण गुप्ता द्वारा फॉर्मेसी के विभिन्न विषयों पर अपने शोध पत्रों का प्रस्तुतिकरण किया। 28.02.14 को भोपाल में आयोजित MPCST 29वीं मध्यप्रदेश यंग साइंटिस्ट अवार्ड 2014 में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुये श्री सौरभ जैन ने अपने शोध पत्र का वाचन किया।

मार्च 2014 में फार्मेसी कॉलेज में रेड रिबन सोसायटी का गठन किया गया तथा AIDS के कारण एवं उपचार विषय पर सेमीनार का आयोजन किया गया।

RGTU भोपाल द्वारा आयोजित B.Pharm 3rd सेमेस्टर में कु. स्वाति जैन ने संपूर्ण सागर शहर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। परीक्षा परिणाम श्रृंखला में ही AICTE द्वारा आयोजित GPAT में कु. स्वाति जैन एवं कु. शिखा जैन ने अपना स्थान सुनिश्चित किया।

**उमंग 2014** – दिनांक 14.03.2014 को फार्मेसी कॉलेज का वार्षिक उत्सव "उमंग 2014" आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे डॉ. हरिसिंह गौर वि. वि. सागर के डीन प्रो. आर.के. अग्रवाल विशिष्ट, अतिथि प्रो. एस.के. जैन, भाग्योदय तीर्थ फार्मेसी कॉलेज के चेयरमेन श्री सुगम कोठारी, डीन प्रो. विनोद दीक्षित ने आचार्य श्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गीत, भजन, नृत्य नाटक, प्रहसन आदि के माध्यम से दर्शकों की सराहना अर्जित की। अंत में कार्यक्रम में पधारे अतिथियों ने अपने उदबोधन में फैकल्टी मेंम्बर्स एवं विद्यार्थियों की कुशल प्रस्तुतियों हेतु बधाईयाँ दीं एवं पुरूस्कार वितरित किये।

**नर्सिंग कॉलेज** – दिनांक 18 फरवरी से 5 मार्च 2014 तक नर्सिंग कॉलेज के 52 विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण अन्तर्गत **मानसिक आरोग्य शाला इंदौर** में फैकल्टी सदस्य एल्विन सर, नैनसी मेडम एवं जैनसी मेडम के निर्देशन में अपनी सेवायें प्रदान कीं एवं मरीजों के मध्य रहते हुए नैतिक मूल्यों पर आधारित पोस्टर, मॉडल एवं ड्रामा आदि का प्रदर्शन भी किया।

**प्रवेश प्रारंभ** – ट्रस्ट द्वारा संचालित M. Pharm, B. Pharm, B.Sc. Nursing, GNM & DMLT पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गयी है। यदि आप या आपके मित्र/रिश्तेदार आदि के बच्चे दर्शाये पाठ्यक्रमों में अपना कॅरिअर बनाना चाहते हों तो आपकी संस्था में प्रवेश दिलाने हेतु उन्हें आपका परामर्श संस्था एवं विद्यार्थी की प्रगति में निश्चित ही सहायक सिद्ध होगा।

**माह जनवरी, फरवरी एवं मार्च 2014 में आपके संस्थान द्वारा K.23,95,491.00 की चेरिटी मरीजों के लिए की गयी।**

हमें आपके मूल्यवान सुझावों का इंतजार है। आप अपने सुझाव 9827250752 पर SMS करके या पत्र लिखकर भी भेज सकते हैं।

भाग्योदय तीर्थ परिवार की ओर से . . .

सतीश खरे

जनसंपर्क अधिकारी